बिजली उत्पादन क्षमता

2428. **श्री कपिल सिब्बल :**
श्री राज मोहिन्दर सिंह :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कुल बिजली उत्पादन क्षमता 89,000 मे.वा. है;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार का आंकलन क्या है;

(ग) क्या यह भी सही है कि इस स्थापित क्षमता में कोयले से उत्पन्न, हाइड्रो क्षेत्र में उत्पन्न गैसों के माध्यम से उत्पन्न और न्यूक्लीयर क्षेत्र से उत्पन्न बिजली का अलग-अलग प्रतिशत है; और

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त प्रत्येक माध्यम से कितनी-कितनी बिजली उत्पादन की क्षमता वर्ष 1998-99 में स्थपित होने का आंकलन है?

विद्युत मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री और गैर पारम्परिक ऊर्जा मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम): (क) और (ख) जी, नहीं। 28.2.99 की स्थिति के अनुसार देश में कुल अधिष्ठापित क्षमता 92131.48 मे.वा. थी।

(ग) जी, हां। यह एक तथ्य है कि कोयला आधारित, जल विद्युत आधारित, गैस आधारित और न्यूक्लीय आधारित विद्युत उत्पादन हेतु अधिष्ठापित क्षमताओं का प्रतिशत भिन्न है। जल विद्युत, ताप विद्युत (कोयला और गैस आधारित सहित)-और न्यूक्लीय हेतु अधिष्ठापित क्षमता का प्रतिशत क्रमश: लगभग 24.2%, 72.2% और 2.4% है।

(घ) 1998.99 हेतु क्षमता अभिवृद्धि कार्यक्रम 3299.3 मे.वा. है जिसमें जल विद्युत (544.5 मे.वा.) तथा ताप विद्युत (2754.80 मे.वा.) शामिल है।

पन-विद्युत परियोजनाओं का निर्माण

2429. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:**
श्री राज मोहिन्दर सिंह:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि देश में अनेक पन-विद्युत उत्पादन परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो दिसंबर, 1998 तक इन परियोजनाओं की कुल संख्या क्या थी; और

(ग) इनमें उन परियोजनाओं की संख्या क्या है जो अपने मूल निर्धारित समय से देरी से निर्माणाधीन हैं एवं प्रत्येक परियोजना अपने मूल निर्धारित समय से कितनी-कितनी विलंब से निर्माण हो रही हैं?

विद्युत मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम): (क) और (ख) दिसम्बर, 1998 के अंत तक देश में 63 पन बिजली परियोजनाएं निर्माणाधीन थीं।

(ग) 55 पन-बिजली परियोजनाओं को चालू करने का कार्यक्रम पीछे चल रहा है। इन परियोजनाओं के संबंध में अतिरिक्त लगे समय का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

पन-विद्युत परियोजनाओं के चालू होने की तिथि तथा उनमें लगे अतिरिक्त समय का ब्यौरा

क्र० सं०	परियोजना का नाम/ अधिष्ठापित क्षमता(मे.वा.)	राज्य	चालू होने की तिथि मूल/नवीनतम	अधिक समय (वर्ष में)
1	2	3	4	5
केन्द्रीय क्षेत्र				
1.	नाथपा-झाकड़ी (एनजेपीसी) 6 x 250	हिमाचल प्रदेश	1998-99 / 2001-02	3
2.	दुलहस्ती (एनएचपीसी) 3 x 130	जम्मू व कश्मीर	1994-95 / 2001-02	7
3.	टिहरी चरण-I (टीएचडीसी) 4 x 250	उत्तर प्रदेश	1997-99 / 2002-03	4